**Series SHC/1**

Code No. / कोड नं. **64/1/1**

Roll No. / रोल नं. | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **19** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** + **2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **19** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# GEOGRAPHY (Theory)
# भूगोल (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks: 70*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 70*

***General Instructions :***

*(i) There are **19** general questions.*

*(ii) All questions are compulsory.*

*(iii) Marks for each question are indicated against it.*

*(iv) Questions number **1** to **10** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.*

*(v) Questions number **11** to **15** are also short-answer questions of **4** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **120** words.*

*(vi) Questions number **16, 17** and **18** are long-answer questions of **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

*(vii) Question number **19** contains test items of very short-answers. It is of **5** marks.*

*(viii)* *Outline maps of the* ***World*** *and* ***India*** *provided to you must be attached with your answer-book.*

*(ix)* *Use of* ***templates*** *or* ***stencils*** *for drawing outline maps is allowed.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *सामान्य प्रश्नों की कुल संख्या* ***19*** *है।*

*(ii)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(iii)* *प्रत्येक के सामने उसके अंक दिये हैं।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***10*** *तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के* ***3*** *अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***15*** *तक भी लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के* ***4*** *अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***16, 17*** *और* ***18*** *लम्बे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के* ***5*** *अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***19*** *में अति लघु-उत्तरों की परीक्षण मदें शामिल हैं। यह प्रश्न* ***5*** *अंक का है।*

*(viii)* ***संसार*** *और* ***भारत*** *के दिये गये रेखा-मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए।*

*(ix)* *रेखा-मानचित्र बनाने के लिये* ***साँचों*** *या* ***स्टेंसिलों*** *के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।*

**1.** Who was the writer of the book 'Geographia Generalis'? State two branches of geography according to this writer. 1+2=3

'ज्यॉग्राफिया जनरेलिस' नामक पुस्तक का लेखक कौन था? इस लेखक के अनुसार भूगोल की दो शाखाओं का उल्लेख कीजिए।

**2.** Name the three groups of resources based on the content and give one example of each group. 1½+1½=3

विषयवस्तु पर आधारित संसाधनों के तीन वर्गों के नाम बताइए और प्रत्येक वर्ग का एक-एक उदाहरण दीजिये।

**3.** Why is iron most widely used in the world, in comparison with other metals ? Explain three reasons. 3×1=3

संसार में लोहे का उपयोग अन्य धातुओं की तुलना में सर्वाधिक क्यों होता है? तीन कारण स्पष्ट कीजिए।

**4.** Explain with examples the three major physical factors which affect the crop distribution in the world. 3×1=3

संसार में फसलों के वितरण को प्रभावित करने वाले तीन प्रमुख भौतिक कारकों को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिये।

**5.** How does 'specialisation' in the production of goods and services promote international trade in the world? Explain with three suitable examples. 3×1=3

वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन की 'विशिष्टता' संसार में अन्र्राष्ट्रीय व्यापार को किस प्रकार प्रभावित करती है? तीन उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिये।

**6.** Explain any three major problems faced by Indian farmers in drylands. 3×1=3

शुष्क भूमियों में भारतीय किसानों के सामने आ रही किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए।

**7.** "There is marked regional disparity in the levels of development in India". Support this statement with any three suitable examples. 3×1=3

''भारत में विकास के स्तरों में प्रादेशिक विषमता स्पष्ट झलकती है।'' किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिये।

**8.** Study the map given below and answer the questions that follow :

| | 1950-51 | 1980-81 | 1996-97 |
|---|---|---|---|
| **Length of Roads** (000 km)<br>All | 400 | 1419 | 2465.9 |
| Surfaced | 157.0 | 684.0 | 1394.1 |
| National Highways | 19.8 | 31.7 | 34.8 |
| State Highways | NA | 94.4 | 137.1 |
| **Number of Registered Vehicles** (000)<br>All | 306 | 5391 | 37231 |
| Goods Vehicles (000) | 82 | 554 | 2260 |
| Buses | 34 | 162 | 488 |

(8.1) Which type of roads shows the highest increase during the period between 1950-51 and 1996-97 ? How much has it increased ?

(8.2) Explain two reasons responsible for the increase in this type of roads. 1+2=3

नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिये और उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

| | 1950-51 | 1980-81 | 1996-97 |
|---|---|---|---|
| **सड़कों की लम्बाई** (000 किमी)<br>सभी प्रकार की सड़कें | 400 | 1419 | 2465.9 |
| पक्की सड़कें | 157.0 | 684.0 | 1394.1 |
| राष्ट्रीय महामार्ग | 19.8 | 31.7 | 34.8 |
| राज्य महामार्ग | NA | 94.4 | 137.1 |
| **कुल पंजीकृत वाहन** (000) | 306 | 5391 | 37231 |
| मालवाहक वाहन (000) | 82 | 554 | 2260 |
| बसें | 34 | 162 | 488 |

(8.1) 1950-51 और 1996-97 की अवधि के मध्य किस प्रकार की सड़कों में सर्वाधिक वृद्धि हुई है? यह वृद्धि कितनी है?

(8.2) इस प्रकार की सड़कों में हुई वृद्धि के लिए उत्तरदायी दो कारणों को स्पष्ट कीजिए।


**Note** : The following question is for the **BLIND CANDIDATES** only in lieu of Q. No. 8.

State any three main features of 'Border Roads'. 3×1=3

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है।

'सीमावर्ती सड़कों' की किन्हीं तीन मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**9.** Study the map given below and answer the questions that follow : 1+1+1=3




(9.1) Name the canal shown in the map. In which country is it located ?

(9.2) Name the two seas connected by this canal.

(9.3) Name any two lakes through which this canal passes.

नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(9.1) मानचित्र में दिखाई गई नहर का नाम बताइए। यह नहर किस देश में स्थित है?

(9.2) इस नहर से जुड़े दो सागरों के नाम बताइए।

(9.3) किन्हीं दो झीलों के नाम बताइए, जिनसे होकर यह नहर गुजरती है।


**Note** : The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 9.

State three main features of 'Panama Canal'. 3×1=3

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है।

'पनामा नहर' के तीन मुख्य लक्षणों का उल्लेख कीजिए।


**10.** Study the diagram given below and answer the questions that follow : 1+2=3




(10.1) Give a suitable title to the given diagram.

(10.2) How is rainwater harvested through this technique ? Explain.

नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(10.1) दिए गए आरेख के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(10.2) इस विधि द्वारा वर्षाजल का संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? स्पष्ट कीजिए।

**Note** : The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 10.

What is rainwater harvesting ? State any four objectives of rainwater harvesting. 1+2=3

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है।

वर्षाजल संग्रहण किसे कहते हैं? वर्षाजल संग्रहण के किन्हीं चार उद्देश्यों का उल्लेख कीजिये।

**11.** Write any two main characteristics each of the four different modes of transport in the world. 4×1=4

संसार में परिवहन के चार भिन्न माध्यमों की दो-दो विशेषताएं लिखिए।

**12.** Describe any four major human-made sources of air pollution in India. 4×1=4

भारत में वायु प्रदूषण के किन्हीं चार प्रमुख मानवकृत स्रोतों का वर्णन कीजिए।

**13.** Explain any four differences between rural and urban settlements in India. 4×1=4

भारत में ग्रामीण और नगरीय बस्तियों में किन्हीं चार अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।

**14.** Classify the means of communication of India into two groups. Explain three points of importance of each group. 1+3=4

भारत के संचार साधनों को दो वर्गों में विभाजित कीजिए। प्रत्येक वर्ग के साधनों के महत्त्व को तीन-तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

**15.** Study the table given below and answer the questions that follow : 1½+1½+1=4

**Global Land Use Changes (Area in Million Hectares)**

| Broad Land Uses | 1700 | 1850 | 1920 | 1950 | 1.980 | 2000* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Forests | 6214 | 5965 | 5678 | 5389 | 5053 | 3454 |
| Grasslands | 6860 | 6837 | 6748 | 6780 | 6788 | 3427 |
| Croplands | 265 | 537 | 913 | 1170 | 1501 | 1512 |

(15.1) Under which land use category the smallest area of land is being used ? Explain one reason for it.

(15.2) Name the land use category in which the area is continuously decreasing. Explain due reason for it.

(15.3) Explain the main reason for the continuous increase of crop land area.

नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

**विश्व स्तर पर भू-उपयोग परिवर्तन (क्षेत्रफल दस लाख हेक्टेयर में)**

| प्रमुख भू-उपयोग | 1700 | 1850 | 1920 | 1950 | 1.980 | 2000* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वन | 6214 | 5965 | 5678 | 5389 | 5053 | 3454 |
| घास भूमि | 6860 | 6837 | 6748 | 6780 | 6788 | 3427 |
| फसल क्षेत्र | 265 | 537 | 913 | 1170 | 1501 | 1512 |

(15.1) किस भू-उपयोग के अन्तर्गत सबसे कम भू-क्षेत्र का उपयोग हुआ है ? इसका एक कारण स्पष्ट कीजिए।

(15.2) उस भू-उपयोग वर्ग का नाम बताइये जिसका क्षेत्रफल लगातार घट रहा है। इसका एक कारण स्पष्ट कीजिए।

(15.3) फसल क्षेत्र के लगातार बढ़ने का मुख्य कारण स्पष्ट कीजिये।

**Note :** The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 15.

Explain any **four** features of commercial agriculture practiced in the world. 4×1=4

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 15 के स्थान पर है।

संसार में वाणिज्यिक कृषि की किन्हीं **चार** विशेषताओं की व्याख्या कीजिये।

**16.** What are rural settlements ? Which are the two distinct patterns of rural settlements of the world based on the form ? Describe three main features of each. 1+1+1½+1½=5

ग्रामीण बस्तियाँ किन्हें कहते हैं? आकृति के आधार पर संसार की ग्रामीण बस्तियों के दो प्रमुख प्रारूप कौन से हैं? प्रत्येक की तीन-तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

**17.** What is the meaning of population growth ? Describe two main features each of the four phases of Indian demographic history. 1+4=5

जनसंख्या वृद्धि का क्या अर्थ है? भारतीय जनांकिकीय इतिहास की चारों अवस्थाओं की दो-दो मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

**18.** How do the physical factors play a dominant role in the distribution and density of population on the earth's surface ? Explain any five factors with suitable examples. 5×1=5

पृथ्वी पर जनसंख्या के वितरण तथा घनत्व को प्रभावित करने में भौतिक कारक किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं? किन्हीं पाँच कारकों को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिये।

**19.** (19.1) In the given political outline map of the **world** four features are shown as A, B, C and D. Identify them with the help of the map legend and write their correct names on the dotted lines marked on the map. 4×½=2

(19.2) On the given political outline map of **India** provided to you, locate and label the following with appropriate symbols : 3×1 =3

(i) The least populated state,

(ii) The biggest oil refinery in the country,

(iii) Iron and steel plant located in Chhattisgarh.

(19.1) दिए गए **संसार** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में चार लक्षण A, B, C और D से दिखाए गए हैं। मानचित्र की कुंजी की सहायता से उन्हें पहचानिए और मानचित्र में अंकित खण्डित रेखाओं पर उन लक्षणों के सही नाम लिखिए।

(19.2) आपको दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों द्वारा दिखाइए और उनके नाम लिखिये :

(i) सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य

(ii) देश की सबसे बड़ी तेल परिष्करण शाला

(iii) छत्तीसगढ़ में स्थिति लोहा और इस्पात संयंत्र

**Note** : The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 19. 5×1=5

(19.1) Name the most populated country of Africa.

(19.2) Which is the largest wheat producing country of Europe ?

(19.3) Which is the least populated state of India ?

(19.4) Name the biggest oil refinery of our country.

(19.5) Name the iron and steel plant located in Chhattisgarh.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।

(19.1) अफ्रीका के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश का नाम बताइये।

(19.2) यूरोप का सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक देश कौन सा है?


(19.3) भारत का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौन सा है?

(19.4) अपने देश की सबसे बड़ी तेल परिष्करण शाला का नाम बताइये।

(19.5) छत्तीसगढ़ में स्थित लोहा और इस्पात संयंत्र का नाम बताइये।

For Question No. (19.1)

प्रश्न संख्या (19.1) के लिए



Map for Question No. (19.2) प्रश्न संख्या (19.2) के लिए

